Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding payment of arrears of sugarcane farmers from Simbhaoli Sugar Mills in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : आप एक मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।

कुंवर दानिश अली: मैं चाहूंगा कि आज आप मुझे थोड़ा ज्यादा समय दीजिए, क्योंकि यह आपके क्षेत्र से भी जुड़ा हुआ मामला है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में गन्ना किसानों की बहुत बड़ी आबादी है। सिम्भावली शुगर मिल पर पिछले साल जो गन्ना किसानों ने दिया था, उसका पेमेंट अभी तक नहीं हुआ है और यह साल पूरा होने जा रहा है।

सभापति महोदय, आपके क्षेत्र के लोग भी उससे जुड़े हुए हैं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, ये जो शुगर फैक्ट्रीज हैं, ऐसा नहीं है कि ये घाटे में चल रही हैं, इनके पास डिस्टलरीज हैं। सिम्भावली शुगर फैक्ट्री के पास भी डिस्टलरी है। वेब शुगर फैक्ट्री भी नई डिस्टलरी बना रही है, लेकिन, उसके बावजूद गन्ना किसानों का पेमेंट एक साल से नहीं हो रहा है। मेरा आपके माध्यम से **…**(व्यवधान) मैं अपने क्षेत्र की बात कर रहा हूं। 400 करोड़ रुपये बाकी हैं। मैं इसको जानता हूं या आप जानते हैं? **…**(व्यवधान) आप दिलवा दीजिए। सभापति जी, सिम्भावली शुगर फैक्ट्री से पूछिए।**…**(व्यवधान) इनके क्षेत्र के लोग हैं। …(व्यवधान) खाली यहां आकर बात करते हैं।

माननीय सभापति: हमारे पास बहुत लंबी सूची है ।

…(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): कम से कम गन्ना किसानों के प्रति तो सही रहिए। **...**(व्यवधान)

माननीय सभापति: सदन का समय सूची के पूरा होने तक बढ़ाया जाता है।

...(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : माननीय सभापति जी, माननीय सदस्य ने**...**(व्यवधान)